कार्यालय पुलिस उपायुक्त गोमती ज़ोन, कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक- 08.04.2024

विषय-थाना कपसेठी पुलिस ने 01 किलो 450 ग्राम गांजा के साथ अभियुक्त प्रदीप केशरी को किया गिरफ्तार*

श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा कमिश्नरेट वाराणसी में अवैध मादक पदार्थो की बिक्री, अपराध की रोकथाम व वांछित अपराधियों के गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एवं श्रीमान पुलिस उपायुक्त गोमती जोन व श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त गोमती जोन के निर्देशन में तथा सहायक पुलिस आयुक्त राजातालाब के कुशल नेतृत्व में दिनांक 07.04.2024 को थाना कपसेठी पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम तक्खू की बौली के पास से 01 किलो,450 ग्राम नाजायज गांजा के साथ अभियुक्त प्रदीप केशरी पुत्र काशी साव, नि0 ग्राम गजेपुर, थाना-कपसेठी, कमि0 वाराणसी उम्र करीब 56 वर्ष को गिरफ्तार किया गया । उक्त गिरफ्तारी बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कपसेठी पुलिस पुलिस द्वारा मु0अ0स0 47/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

अभियुक्त से पुछ-ताछ का विवरण- पूछ ताछ के दौरान अभियुक्त उपरोक्त द्वारा बताया गया कि अपने जीवन यापन और अन्य खर्चों के लिये अवैध रुप से गांजा बेचता हूं।

***गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण*-**

प्रदीप केशरी पुत्र काशी साव, नि0 ग्राम गजेपुर, थाना-कपसेठी, कमि0 वाराणसी उम्र करीब 56 वर्ष।

बरामदगी माल का विवरण-

नाजायज गांजा 01 किलो 450 ग्राम बरामद।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-

1. उ0नि0 राजीव कुमार सिंह, थानाध्यक्ष, थाना कपसेठी, कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 जगदम्बा सिंह, थाना कपसेठी, कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 आशीष कुमार, थाना कपसेठी, कमिश्नरेट वाराणसी।
4. हे0का0 उपेन्द्र यादव, थाना कपसेठी, कमिश्नरेट वाराणसी।
5. का0 अरविन्द प्रजापति, थाना कपसेठी, कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त,
गोमती-जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।